OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

Yuva Utsav Calendar 2021-2022

मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय भोपाल - 462004

क्रमांक 668/97/रासेयो /2021/38 भोपाल, दिनांक 09/12/2021

प्रति,

छात्र कल्याण अधिष्ठाता,
समस्त विश्वविद्यालय,मध्यप्रदेश.

विषयः:-युवा उत्सव का आयोजन वर्ष 2021-22

-0-

वर्ष 1985 से प्रदेश में संस्था, जिला विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युवा उत्सवों से छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियों के प्रति उनकी अभिरूचि में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है एवं यह युवा उत्सव वर्तमान में उपरोक्त गतिविधियों के मंच के रूप में प्रतिष्ठित हो गये हैं।

प्रतिवर्ष 22 विधाओं में जिस प्रकार विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। उसी प्रकार से इस वर्ष प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

वर्ष 2021-22 में युवा उत्सव की विभिन्न स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन के लिये तिथियाँ निम्नानुसार रहेगी-

1.	अन्तर-कक्षा महाविद्यालय स्तर	-	दिनांक 19 ,20 ,21 दिसंबर,2021
2.	अन्तर-महाविद्यालय जिला स्तर	-	दिनांक 28,29,30 दिसंबर,2021
3.	अन्तर-जिला विश्वविद्यालय स्तर	-	दिनांक 07,08,09 जनवरी,2022
4.	अन्तर-विश्वविद्यालय राज्य स्तर	-	दिनांक 20,21,22 जनवरी,2022

नोटः- अपरिहार्य कारणों से यदि क्रमांक 1,2 एवं 3 की तिथियों में आंशिक परिवर्तनों की आवश्यकता होती है,तो छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ बैठक कर अपने विश्वविद्यालय परिक्षेत्र की सुविधानुसार तिथि तय कर प्रतियोगिताऐं आयोजित करा सकेगें।प्रत्येक स्तर पर आयोजन के लिए प्रतिर्स्पधाओं से संबंधित,निर्धारित मापदंड विभाग द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका में सुझाए अनुसार ही होंगें।

अन्तर्कक्षा महाविद्यालय जिला स्तर प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए संलग्न सूची के अनुसार प्रत्येक जिले में एक महाविद्यालय को चिन्हित किया गया है। चिन्हित महाविद्यालय के प्राचार्य पूर्व वर्षो की भांति तथा उपर्युक्त संदर्भित मार्गदर्शिका के अनुसार युवा उत्सव के विभिन्न महाविद्यालयों की प्रतियोगिता का आयोजन जिले में समस्त महाविद्यालयों के सहयोग से करायेगें। इस हेतु जिले की समस्त महाविद्यालयों की बैठक बुलाकर प्रतियोगिता स्थल का निर्धारण किया जायेगा और उसी बैठक में निर्णायकों का एक पैनल सबकी सहमति से बनाया जायेगा।

हमें विश्वास है कि प्राचार्यो एवं उनकी संस्था के शिक्षकों/कर्मचारियों के सहयोग तथा विश्वविद्यालयों के समन्वयक से विभिन्न स्तर पर होने वाले युवा उत्सव,राष्ट्रीय भावना एवं सामाजिक सद्भाव को प्रदर्शित करने वाले होंगें तथा इन युवा उत्सवों को पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किया जाये। साथ ही विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां/प्रतियोगिताऐं महती भूमिका कर निर्वाह करती हैं,ऐसी स्थिति में प्राचार्य इन गतिविधियों में भागीदारी के लिए विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करेगें। आयोजन पश्चात कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रतिवेदन-विजेता,उपविजेता छात्र-छात्राओं की जानकारी,छायाचित्र एवं पेपर न्यूज कटिंग् के साथ सुव्यवस्थित ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत करेगें।

नोटः- कोरोना (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश संबंधित को दिए जाये। साथ ही आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं (वाद-विवाद,पोस्टर एवं वक्तृता,एकांकी) में आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत निर्धारित महत्वपूर्ण विषय जैसे-2047 में मेरा मध्यप्रदेश की परिकल्पना,प्रदेश के ज्ञात-अज्ञात क्रान्तिकारियों,शहीदों,रणबांकुरे,वीरांगनाओ तथा स्वतंत्रता संघर्ष में स्थानीय क्षेत्र विशेष की भूमिका आदि को प्राथमिकता दी जाना चाहिए। इसके अलावा प्रतियोगिताओं के आयोजन में लगने वाले बैनर, पत्र आदि में आजादी का अमृत महोत्सव के लोगो का उपयोग किया जाय।

संलग्नः- जिला स्तरीय स्पर्धाओं के लिए अधिकृत महाविद्यालयों की सूची।

(वीरन सिंह भलावी)
अवरसचिव,
मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्षा विभाग

निरंतर - - -

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)